# किसान
## सारांश वचन पत्र 2023



## कृषक न्याय योजना

- 2 लाख रुपये तक का कर्ज माफ करेंगे।
- गेहूँ का ₹2600 व धान का ₹2500 समर्थन मूल्य देंगे।
- "लागत कांग्रेस की-मुनाफा किसान का" कार्यक्रम के अंतर्गत खेतों के लिए बिजली-पानी एवं यूरिया की बोरियां निःशुल्क वितरित करेंगे।
- खाद का 100 प्रतिशत तक वितरण सहकारी समितियों से करायेंगे।

## इंदिरा किसान ज्योति योजना

- कृषि सिंचाई पम्प के 5 HP तक के बिल माफ, 10 HP तक के हाफ।
- सिंचाई पम्पों के पुराने बकाया बिल माफ करेंगे।
- झूठे बिजली चोरी के प्रकरण वापस लेंगे।
- मेरा खेत, मेरा ट्रांसफार्मर योजना लायेंगे।
- किसानों को 12 घंटे सिंचाई के लिए बिजली देंगे।

## सिंचाई


- हर खेत को पानी मिले इसके लिए सिंचाई क्षमता बढ़ायेंगे।
- मेरा तालाब, मेरा खेत, मेरा कुँआ कार्यक्रम चलायेंगे एवं किसान सरोवर बनायेंगे।
- सिंचाई समितियों को अधिकार देंगे, चुनाव करायेंगे।
- सिंचाई उपकरण एवं सौर ऊर्जा पम्पों पर अनुदान बढ़ायेंगे।
- खेत जोड़ों, मध्य प्रदेश जोड़ों मिशन के अंर्तगत खेत-गांव-मंडी को जोड़ने के लिए सड़क का निर्माण करेंगे।

## फसलों की रक्षा- बीमा, राहत और तारबंदी

- राज्य की बीमा कंपनी बनायेंगे। नुकसानी का पूरा बीमा दिलायेंगे। खेत को इकाई बनायेंगे।
- राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 की दरों में 25 प्रतिशत वृद्धि करेंगे।
- नीलगाय, बंदरों एवं सुअर से फसल क्षति को रोकने के उपाय करेंगे एवं ऐरा प्रथा बंद करायेंगे।
- 50 प्रतिशत वायर फेंसिंग पर अनुदान देंगे।

## शुद्ध का युद्ध अभियान

- खाद, बीज और कीटनाशक दवाईयों में मिलावट करने और गुणवत्ताहीन बेचने वालों एवं कालाबाजारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करेंगे।



## कृषि उपज मण्डी

- कृषि उपज मंडियों का आधुनिकीकरण करेंगे।
- मंडियों को नये ई-प्लेटफार्म से जोड़ेंगे।
- मिट्टी एवं बीज परीक्षण की सुविधांए उपलब्ध करायेंगे।
- मंडियों में उपज का भुगतान समय पर सुनिश्चित करायेंगे।
- मण्डी अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से करायेंगे।
- मण्डी में पिछले 18 वर्षों में हुये भ्रष्टचार की जांच करायेंगे।

## कृषि उद्योग, व्यापार और निर्यात

- नई कृषि उद्योग नीति बनायेंगे।
- कृषि उत्पाद निर्यात परिषद का गठन करेंगे।
- एग्रो एक्सपोर्ट व एग्रो प्रोसेसिंग जोन और फूड पार्क विकसित करेंगे।
- कृषि पर आधारित स्टार्टअप प्रारम्भ करेंगे।
- किसान सुपर मार्केट एवं सेवा केन्द्र विकसित कर कृषक युवाओं का व्यापार प्रारंभ करायेंगे।

## राजस्व एवं कृषि कानून

- खसरा व बी-1 नकल निःशुल्क देंगे।
- खेतों का सटीक सीमांकन सरलता से करायेंगे।
- किसानों पर कर्ज वसूली के लिये आपराधिक प्रकरण न चले और उनकी भूमि की नीलामी न हो इसके लिये नियमों में सुधार करेंगे।
- किसानों पर दमनकारी कानूनों के विरोध एवं खाद-बीज की मांग के आंदोलन के कारण से दर्ज आपराधिक प्रकरण वापिस लेंगे।

## उद्यानिकी

- विशेष उद्यानिकी प्रक्षेत्र विकसित करेंगे एवं सघन बागवानी क्षेत्रों का विकास करेंगे।
- सभी विधानसभाओं में नर्सरी संचालन और निजी क्षेत्र की नर्सरी के लिये लायसेंस नीति बनायेंगे।


## गौ सेवा

- नंदिनी गोधन योजना प्रारंभ करेंगे। 2 रुपये किलो की दर से गोबर खरीदेंगे। नई गौशालाएं खोलेंगे।
- श्वेत क्रांति दुग्ध मिशन प्रारंभ कर दुग्ध संघ द्वारा दूध क्रय पर 5 रुपये प्रति लीटर बोनस देंगे।

## खेतिहर श्रमिक

- खेतिहर श्रमिकों को मनरेगा के माध्यम से रोजगार देंगे, प्रशिक्षण एवं किट प्रदान करेंगे। फसल क्षति होने पर कुल मुआवज़ा राशि में से न्यूनतम मजदूरी की राशि सुनिश्चित करेंगे।
- खेतिहर श्रमिकों का परिवार सहित 25 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख का दुर्घटना बीमा करायेंगे।

# बढ़ाइये हाथ फिर कमलनाथ







मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी